Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding development Plans of Lakh Bahosi Bird Sanctuary Lake near Itaili village in Kannauj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री सुब्रत पाठक (कन्नौज): महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान कन्नौज लोक सभा की दो बड़ी झीलों की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। एक झील जनपद कन्नौज के विधान सभा क्षेत्र तिर्वा (उत्तर प्रदेश) में स्थित ग्राम बहोसी में और दूसरी झील जनपद कानपुर देहात की विधान सभा रसूलाबाद के ग्राम इटैली के अन्तर्गत आती है। पर्यटन की दृष्टि से इन दोनों झीलों का सौंदर्यीकरण होने से इनका संरक्षण भी होगा। जनपद कन्नौज की विधान सभा तिर्वा के ग्राम बहोसी की झील का क्षेत्रफल लगभग 450 हेक्टेयर का है। यहाँ प्रति वर्ष लाखों की संख्या में देशी एवं विदेशी पक्षियों का आवागमन होता है, परन्तु सौंदर्यीकरण और विकास की दृष्टि से समुचित प्रबंध नहीं होने के कारण यह झील अभी तक पर्यटकों के आकर्षण केंद्र नहीं बन पाई है। विधान सभा रसूलाबाद के ग्राम इटैली की झील का क्षेत्रफल लगभग 4,973 मीटर है, जिसके सौंदर्यीकरण को लेकर काफी समय से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा माँग की जाती रही है। बड़ी झीलों का पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है, क्योंकि इनमें हर वर्ष बहुत से प्रवासी और देश के अन्य भागों से विविध प्रकार के पक्षी आते हैं। मैं जानना चाहता हूँ कि क्या सरकार देश में झीलों के पुनरुद्धार और विकास के लिए कोई योजना चला रही है? यदि हाँ, तो कन्नौज में स्थित झीलों-लाख बहोशी पक्षी विहार (तिर्वा तहसील, जिला कन्नौज) एवं इटैली झील (रसूलाबाद तहसील, कानपुर देहात) के विकास की क्या योजना है? इस बारे में मुझे समुचित जानकारी से अवगत कराया जाए। धन्यवाद।